**K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR**
**ASSESSMENT II 2023-24**

**Grade:VII** **Marks : 100**
**Subject – Hindi** **Time:3 Hours**

---

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के तीन खंड हैं – खंड'क',खंड 'ख' , खंड 'ग' |

(ii) तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

(iii) यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए |

**खंड 'क'**

**प्र 1. अ) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :** **(7 अंक )**

पिता की कैंसर की बीमारी, पढ़ाई का खर्चा, घर का खर्चा भी भोले-भाले शंकर के कंधों के लिए असहनीय हो रहा था | लेकिन अंगद के पाँव की भाँति सुदृढ़ विचारों वाले शंकर ने ठान ली कि वह बापू के इलाज में कोई कमी नहीं रहने देगा | चाहे उसे भूखा ही क्यों न रहना पड़े | सुबह सवेरे ही वह ट्यूशन लेने के लिए निकल पड़ता | घर आकर कुछ समय वह अपनी पढ़ाई भी करता, फिर दस बजे स्कूल पहुँच जाता | गर्मियों में ट्यूशन पर स्कूल की छुट्टी के बाद ही जाता |इतना अधिक काम का बोझ, अपर्याप्त खुराक से खूबसूरत, स्मार्ट शंकर धीरे-धीरे बुझे हुए टिम-टिम करते दीपक-सा लगने लगा | उसका उदास चेहरा, सूनी आँखें देखकर माँ का दिल बार-बार रोता | उसकी यह दयनीय हालत देखकर सहृदय प्रिंसिपल के मन में शंकर के प्रति अगाध प्रेम और दया का सागर हमेशा ही हिलोरे लिया करता था | वे किसी न किसी रूप में शंकर की सहायता करना चाहते थे |

(1) भोले शंकर के लिए क्या असहनीय हो रहा था? 1

(क) पिता की बीमारी, पढ़ाई का खर्चा, घर का खर्चा

(ख) पिता की बीमारी और माँ का उदास चेहरा

(ग) पिता की बीमारी और माँ का उदास चेहरा

(घ) पिता की बीमारी का इलाज

(2) शंकर ने क्या ठान ली ? 1

(क) बापू का पूरा ध्यान रखेगा (ख) बापू को अस्पताल में भर्ती करवाएगा

(ग) बापू के लिए पैसे कमाएगा (घ) बापू के इलाज में कोई कमी न रहने देगा

(3) धीरे-धीरे शंकर की क्या हालत हो गई? 1

(क) पढ़ाई छोड़नी पड़ी (ख) चिड़चिड़ा हो गया

(ग) बीमार हो गया (घ) बुझे हुए दीपक-सा लगने लगा

(4) शंकर की माँ का दिल क्यों रोता था? 1

(क) शंकर का कमजोर शरीर देखकर

(ख) शंकर का उदास चेहरा और सुनी आँखें देखकर

(ग) शंकर का परिश्रम देखकर

(घ) शंकर की अधूरी पढ़ाई देखकर

(5) प्रिंसिपल के मन में शंकर के प्रति क्या भाव आए ? 1

(क) गर्व का भाव (ख) अगाध प्रेम और दया का भाव

(ग) मित्रता का भाव। (घ) अपनेपन का भाव

(6) शंकर गर्मियों में ट्यूशन कब जाता ? 1

(क) दस बजे (ख) स्कूल की छुट्टी के बाद

(ग) सुबह सवेरे ही (घ) शाम को

(7) 'अंगद के पाँव की भाँति' का अर्थ है - 1

(क) दृढ़ संकल्प करना (ख) मेहनत करना

(ग) डरकर घबरा जाना (घ)बहुत थक जाना

**आ) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकYi चुनकर लिखिए:** **(7 अंक)**

मत काटो ये पेड़
सचमुच तुम बहुत पछताओगे
बोलो फिर किसकी गोद में
सिर छिपाओगे ?
शीतल छाया
फिर कहाँ से पाओगे ?
कहाँ से पाओगे फिर फल ?
कहाँ से मिलेगा
शस्य-शामला को
सींचने वाला जल?
रेगिस्तानों में
तब्दील हो जाएँगे खेत
बरसेंगे कहाँ से
उमड़-घुमड़कर बादल ?
थके हुए मुसाफ़िर
पाएँगे कहाँ से
श्रमहारी छाया ?

1. कवि ने छाया को श्रमहारी कहा क्योंकि - 1

(क) यह मजदूरों की छाया है। (ख) छाया थकान मिटाती है |

(ग) पेड़ छाया देते हैं। (घ) मुसाफिर रास्ते में रुकते हैं |

2. पेड़ न रहने पर खेतों का क्या होगा? 1

(क) खेत भी नहीं रहेंगे। (ख) खेतों को बादल जल नहीं देंगे |

(ग) खेतों की फसले मिट जाएँगी। (घ) खेत रेगिस्तान बन जाएँगे |

3. पेड़ों को काटकर मनुष्य को क्यों पछताना पड़ेगा? 1

(क) क्योंकि समस्त पेड़ कट जाएँगे।

(ख) क्योंकि सारी धरती रेगिस्तान बन जाएगी।
(ग) क्योंकि पेड़ों के लाभ से हमेशा के लिए वंचित हो जाएँगे |
(घ) इनमें से कोई नहीं |

4. 'तब्दील' का अर्थ होगा- 1

(क) रुकना (ख) खो देना
(ग) बदलना (घ) पछताना

5. पेड़ों के न रहने का परिणाम क्या होगा ? 1

(क) छाया, फल और जल पृथ्वी पर नहीं रहेंगे |
(ख) खेत, रेगिस्तान और छाया खत्म हो जाएँगे |
(ग) बादल और वर्षा नहीं रहेगी |
(घ) छाया, वस्त्र और अशोक नहीं रहेंगे |

6. पेड़ काटने पर सबको - 1

(क) पछताना पड़ेगा | (ख) जिंदगी खुशहाल होगी |
(ग) फल और फूल मिलेंगे | (घ) बरसात होगी |

7. इस पद्यांश में महत्त्व बताया गया है - 1

(क) बादल का (ख) मुसाफ़िर का
(ग) रेगिस्तान का (घ) पेड़ का

**प्र.2.अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए: (7 अंक)**

कहाँ ये भागी जा रही है? वह कौन लक्ष्य है जिसने इन्हें बेचैन कर रखा है? अपने महान पिता का विराट प्रेम पाकर भी अगर इनका हृदय अतृप्त ही है तो वह कौन होगा जो इनकी प्यास मिटा सकेगा। बरफ़ जली नंगी पहाड़ियाँ, छोटे-छोटे पौधों से भरी घाटियों बंधुर अधित्यकाएँ, सरसब्ज उपत्यकाएँ ऐसा है इनका लीला निकेतन! खेलते-खेलते जब ये जरा दूर निकल जाती हैं तो देवदार, चीड़, सरो, चिनार, सफेदा, कैल के जंगलों में पहुँचकर शायद इन्हें बीती बातें याद करने का मौका मिल जाता होगा। कौन जाने, बुड्ढा हिमालय अपनी इन नटखट बेटियों के लिए कितना सिर धुनता होगा। बड़ी-बड़ी चोटियों से जाकर पूछिए तो उत्तर में विराट मौन के सिवाय उनके पास और रखा ही क्या है ?

1. लेखक ने नदियों और हिमालय का क्या रिश्ता बताया है? 1

(क) पिता-पुत्र का (ख) पिता-पुत्रियों का
(ग) ससुर–बहू का (घ) कोई अन्य

2. नदियों को नटखट क्यों कहा गया है? 1

(क) क्योंकि अठखेलियाँ करती हुई आगे बढ़ती हैं।
(ख) पतली धारा में बहती हैं।
(ग) गीत गुनगुनाती हैं।
(घ) इनमें से कोई नहीं |

3. 'सिर धुनना' मुहावरे का क्या अर्थ है? 1

(क) पछताना (ख) वार्तालाप करना
(ग) सलाह देना (घ) सोचना

4. 'उत्तर में विराट मौन' से क्या तात्पर्य है? 1

(क) उत्तर दिशा का मौन होना

(ख) नदियों के निकल जाने के बाद उत्तर दिशा का मौन होना

(ग) उत्तर में अंधकार छाना

(घ) उत्तर का बड़ा स्वरूप

5. लेखक के अनुसार हिमालय सिर क्यों धुनता है? 1

(क) बेटियों के बिछुड़ने पर पछताता है।

(ख) उनके भविष्य की चिंता करता है।

(ग) नदियों रूपी बेटियों के बिछुड़ने का दुख सह नहीं पाता।

(घ) उपर्युक्त सभी।

6. पर्वतों पर क्या-क्या छोड़कर नदियाँ समतल की ओर बढ़ती है ? 1

(क) बर्फ से ढकी पहाड़ियाँ, गहरी गुफाएँ, हरी-भरी घाटियाँ

(ख) माता -पिता

(ग) सहेलियों को

(घ) अपनी यादें

7. 'हिमालय की बेटियाँ' के लेखक हैं- 1

(क) भगवतीप्रसाद वाजपेयी (ख) विजय तेंदुलकर

(ग) नागार्जुन (घ) तेत्सुको कुरियानागी

**आ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए: (7 अंक)**

यासुकी–चान को पोलियो था, इसलिए वह न तो किसी पेड़ पर चढ़ पाता था और न किसी पेड़ को निजी संपत्ति मानता था। अतः तोतो - चान ने उसे अपने पेड़ पर आमंत्रित किया था। पर यह बात उन्होंने किसी से नहीं कही, क्योंकि अगर बड़े सुनते तो जरूर डाँटते | घर से निकलते समय तोत्तो-चान ने माँ से कहा कि वह यासुकी-चान के घर डेनेनचोफु जा रही है। चूँकि वह झूठ बोल रही थी, इसलिए उसने माँ की आँखों में नहीं झाँका | वह अपनी नजरें जूतों के फीतों पर ही गड़ाए रही। रॉकी उसके पीछे-पीछे स्टेशन तक आया। जाने से पहले उसे सच बताए बिना तोत्तो-चान से रहा नहीं गया। "मैं यासुकी–चान को अपने पेड़ पर चढ़ने देनेवाली हूँ", उसने बताया। जब तोत्तो-चान स्कूल पहुँची तो रेल-पास उसके गले के आसपास हवा में उड़ रहा था। यासुकी-चान उसे मैदान में क्यारियों के पास मिला। गरमी की छुट्टियों के कारण सब सूना पडा था। यासुकी-चान उससे कुल जमा एक ही वर्ष बड़ा था, पर तोत्तो-चान को वह अपने से बहुत बड़ा लगता था। जैसे ही यासुकी-चान ने तोत्तो-चान को देखा, वह पैर घसीटता हुआ उसकी और बढ़ा। उसके हाथ अपनी चाल को स्थिर करने के लिए दोनों ओर फैले हुए थे | तोत्तो-चान उत्तेजित थी। वे दोनों आज कुछ ऐसा करनेवाले थे जिसका भेद किसी को भी पता न था। वह उल्लास में ठिठियाकर हँसने लगी। यासुकी-चान भी हँसने लगा।

1. यासुकी - चान को क्या बीमारी थी? 1

(क) पोलियो (ख) पीलिया

(ग) बुखार (घ) कैंसर

2. यासुकी-चान की क्या मजबूरी थी? उसने पेड़ को निजी संपत्ति क्यों नहीं बनाया? 1

(क) वह ठीक से चल नहीं पाता था, पेड़ पर चढ़ना उसके लिए कठिन था इसलिए उसने किसी पेड़ को निजी संपत्ति नहीं बनाया |

(ख) उसे कोई पेड़ पसंद न था।

(ग) उसे मालूम था कि माली उस पेड़ पर चढ़ने नहीं देगा।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

3. तोत्तो-चान ने यासुकी-चान को अपने पेड़ पर आमंत्रित करने की बात क्यों नहीं बताई ? 1

(क) उसे डॉट पड़ जाती।

(ख) तोत्तो–चान को पेड़ पर चढ़ाना आसान कार्य नहीं था।

(ग) इस जोखिम भरे कार्य से उसका जीवन भी मुश्किल में पड़ सकता है उसे यही डर था |

(घ) दिए गए सभी |

4. तोत्तो-चान ने माँ से क्या झूठ बोला था? 1

(क) वह स्कूल जा रही है।

(ख) वह अपने मित्र यासुकी-चान के घर जा रही है।

(ग) वह अपने मित्र को चोटी पर घुमाएगी ।

(घ) वह अपने मित्र द्वारा पेड़ पर चढ़ने हेतु आमंत्रित है।

5. तोत्तो-चान ने यासुकी-चान को पेड़ पर चढ़ाने की बात किससे कही ? 1

(क) अपनी माँ को (ख) रॉकी को

(ग) सभी बच्चों को (घ) अपने-आप से

6. 'जूझना' शब्द का अर्थ है- 1

(क) संघर्ष करना (ख) धक्का देना

(ग) निराश होना (घ) लथपथ

7. 'अपूर्व अनुभव' के लेखक हैं- 1

(क) भगवतीप्रसाद वाजपेयी (ख) विजय तेंदुलकर

(ग) नागार्जुन (घ) तेत्सुको कुरियानागी

**प्र.3.अ) निम्नलिखित पठित काव्यांश पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक)**

**आकाश का साफ़ा बाँधकर**

सूरज की चिलम खींचता
बैठा है पहाड़,
घुटनों पर पड़ी है नदी चादर-सी,
पास ही दहक रही है
पलाश के जंगल की अँगीठी
अँधकार दूर पूर्व में
सिमटा बैठा है भेड़ों के गल्ले-सा ।

1. पहाड़ को किस रूप में दर्शाया गया है? 1

(क) किसान के रूप में (ख) एक बूढ़े के रूप में

(ग) एक आदमी के रूप में (घ) एक बच्चे के रूप में

2. आकाश को किस रूप में दिखाया गया है? 1

(क) किसान के चिलम के रूप में

(ख) किसान के हल के रूप में

(ग) किसान के साफ़े के रूप में

(घ) इनमें से कोई नहीं

3. पहाड़ के चरणों में बहती नदी किस रूप में दिखाई देती है? 1

(क) साफ़े के रूप में (ख) चादर के रूप में

(ग) रूमाल के रूप में (घ) इनमें से कोई नहीं

4. जंगल में खिले पलाश के फूल कैसे प्रतीत होते हैं? 1

(क) जलती अंगीठी की भाँति (ख) खिले बगीचे की भाँति

(ग) सूर्य की लालिमा लिए (घ) इनमें से कोई नहीं

5. अंधरे की तुलना किससे की गई है? 1

(क) सुलगती आग से (ख) चिलम से

(ग) आग से (घ) झुंड में बैठी भेड़ों से

6. 'गल्ले' शब्द का अर्थ है। 1

(क) आसमान (ख) वन

(ग) अँधकार (घ) झुंड

7. 'शाम एक किसान कविता के कवि हैं- 1

(क) शिवमंगल सिंह 'सुमन' (ख) भवानीप्रसाद मिश्र

(ग) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना (घ) रहीम

**आ) निम्नलिखित पठित काव्यांश पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक)**

जाल परे जल जात बहि, तजि मीनन को मोह ।
रहिमन मछरी नीर को, तऊ न छाँड़ति छोह ।।2||
तरुवर फल नहिं खात है, सरवर पियत न पान।
कहि रहीम परकाज हित, संपति-सचहिं सुजान ॥3॥

1.मछली प्राण क्यों त्यागती है ? 1

(क) क्योंकि जल बह जाता है।

(ख) वह जल से बिछुड़ने पर जी नहीं सकती |

(ग) वह जल से अत्यधिक प्रेम करती है।

(घ) दिए गए सभी |

2. क्या जल मछली से प्रेम करता है ? 1

(क) नही (ख) हाँ

(ग) कुछ कह नहीं सकते (घ) इनमें से कोई एक

3. इस दोहे के रूपक में क्या दर्शाया गया है ? 1

(क) मनुष्य मछली को प्रेम करें।

(ख) ईश्वर को मनुष्य से मछली की भाँति प्रेम करना चाहिए |

(ग) मनुष्य को परमात्मा से मछली की भाँति प्रेम करना चाहिए ।

(घ) इनमें से कोई नहीं |

4. वृक्ष की विशेषता क्या होती है ? 1

(क) वह पत्तों से घिरा रहता है।

(ख) वह कभी अपने फल नहीं खाता |

(ग) वह डालियों से झुक जाता है।

(घ) वह मीठे फल प्रदान करता है।

5. सरोवर क्या ग्रहण नहीं करते ? 1

(क) सुगंधित पदार्थ (ख) हवा

(ग) जल (घ) पूजा की सामग्री

6. 'परकाज हित' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए | 1

(क) दूसरा काज (ख) दूसरों के काम आना

(ग) दूसरों के हित के लिए (घ) नई चीजें लेना

7. सज्जन पुरुषों को संपत्ति का संग्रह किसलिए करना चाहिए ? 1

(क) अपने बुढ़ापे के लिए

(ख) दूसरों की सहायता हेतु

(ग) अमीरी का रौब जमाने के लिए

(घ) खुश रहने के लिए

b½ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (कोई 6)** **(12 अंक)**

1.हिमालय की यात्रा में लेखक ने किन-किन की प्रशंसा की है ?

2. किन लोगों की तुलना कठपुतली से की जाती है ?

3. पेड़ और खंभे में दोस्ती कैसे हुई ?

4. जाड़े की शाम का प्राकृतिक दृश्य का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए |

5. जापान के बच्चों का पेड़ों के साथ कैसा रिश्ता था ?

6. परोपकार की भावना के लिए कवि ने किन-किन का उदाहरण दिया है ?

7. रहीम के दोहे वर्तमान में भी कैसे सार्थक है ?

## खंड 'ख'

**प्र.4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए -**

**निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए: (20 अंक)**

1.हिंदी भाषा राष्ट्रभाषा घोषित की गई – 1

(क) 14 अक्टूबर 1949 (ख) 14 जनवरी 1949

(ग) 14 मार्च 1949 (घ) 14 सितंबर 1949

2. श्, ष्, स्, ह् हैं – 1

(क) ऊष्म व्यंजन (ख) अंत:स्थ व्यंजन

(ग) स्पर्श व्यंजन (घ) प्लुत स्वर

**3.** तद्भव शब्द होते हैं – 1

(क) जो संस्कृत के होते हैं।

(ख) जो संस्कृत के ज्यों के त्यों हिंदी में आते हैं |

(ग) जो संस्कृत से रूप बदलकर हिंदी भाषा में आते हैं |

(घ) जो यौगिक होते हैं |

4. 'सुलवाना' क्रिया है - 1

(क) नामधातु (ख) संयुक्त

(ग) प्रेरणार्थक (घ) पूर्वकालीन

5. दुकानदार दुकानें बंद करके चले गए | (वाक्य का काल पहचानिए) 1

(क) वर्तमान काल (ख) भविष्यत् काल

(ग) भूतकाल (घ) इनमें से कोई नहीं

6. वाच्य के कितने भेद हैं -. 1

(क) तीन (ख) दो

(ग) चार (घ) पाँच

7. माँ से सोया नहीं जाता | (वाच्य पहचानिए) 1

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) इनमें से कोई नहीं

8. स्थानवाचक क्रियाविशेषण का शब्द है - 1

(क) इधर-उधर (ख) सदा

(ग) धीरे-धीरे (घ) उतना

9. विद्यालय के बाहर ऊँची दीवार है | (अव्यय का प्रकार पहचानिए) 1

(क) क्रियाविशेषण अव्यय (ख) संबंधबोधक अव्यय

(ग) विस्मयादिबोधक अव्यय (घ) समुच्चयबोधक अव्यय

10. मैं जरूरी काम में फँस गया था_____तुम्हारे घर न आ सका|(रिक्त स्थान में योग्य अव्यय शब्द लिखिए) 1

(क) लेकिन (ख) इसलिए

(ग) किंतु (घ) परंतु

11. सही समुच्चयबोधक अव्यय प्रयुक्त वाक्य पहचानिए - 1

(क) मैं पुस्तक मेले में गया ताकि अच्छी-अच्छी पुस्तकें खरीद सकूँ।

(ख) मैं पुस्तक मेले में गया इसलिए अच्छी-अच्छी पुस्तकें खरीद सकूँ |

(ग) मैं पुस्तक मेले में गया तो अच्छी-अच्छी पुस्तकें खरीद सकूँ।

(घ) मैं पुस्तक मेले में गया जोकि अच्छी-अच्छी पुस्तकें खरीद सकूँ।

12. वाह ! बहुत अच्छा काम किया | (अव्यय का प्रकार पहिचानिए) 1

(क) क्रियाविशेषण अव्यय (ख) विस्मयादिबोधक अव्यय

(ग) संबंधबोधक अव्यय (घ) समुच्चयबोधक अव्यय

13. पहला पद गिनती का होता है - 1

(क) द्विगु समास का (ख) द्वंद्व समास का

(ग) तत्पुरुष समास का (घ) कर्मधारय समास का

14. अयोगवाह कहलाते हैं - 1

(क) य, र, ल, व (ख) श, ष, स, ह

(ग) अं, अः, अँ (घ) ज्ञ, क्ष, श्र, त्र

15. निम्नलिखित शब्द का वर्ण-विच्छेद कीजिए : ढोलक 1

16. निम्नलिखित शब्द का वचन बदलकर लिखिए : स्वामिनी - 1

17. बाहर कोई आया है | (सर्वनाम पहचान कर उसका भेद लिखिए) 1

18. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : गद्‌गद्‌ हो उठना | 1

19. निम्न खाली स्थानों को पूरा कीजिए : 2

| समस्त पद | समस्त पद का विग्रह | समास का नाम |
|---|---|---|
| 1. ____________ | लंब है उदर जिसका | ______________ |
| 2. पति-पत्नी | _______________ | ______________ |

**खंड 'ग'**

**प्र.5 अ) निबंध–लेखन : (कोई – 1)** **8**

1.समय का महत्त्व

(समय अमूल्य धन, समय का महत्त्व, समय को पहचानने वाले ही सफल, समय के महत्त्व को न पहचानने से हानियाँ, समय का सदुपयोग, भावी जीवन की आधारशिला)

2. रेलवे स्टेशन पर एक घंटा

(रेलवे स्टेशन पर जाने का कारण, वहाँ का वातावरण, आस-पास का माहौल, वहाँ का अनुभव)

**आ) पत्र–लेखन : (कोई -1)** **6**

बीमारी के कारण दो दिन का अवकाश माँगते हुए प्रधानाचार्य जी को पत्र लिखिए |

**अथवा**

परीक्षा में कम अंक आए हुए अपनी बहन को पढ़ाई का महत्त्व समझाते हुए पत्र लिखिए |

**प्र.6 अ) संवाद–लेखन :** **6**

गृहकार्य न करने पर शिक्षक और विद्यार्थी के बीच संवाद लिखिए |

**आ) विज्ञापन–लेखन :** **6**

आइसक्रीम पार्लर का विज्ञापन तैयार कीजिए |

*************